# हमीदा हेड के पास नौ एकड़ जमीन में 6.13 करोड़ की लागत से विकसित होगा भव्य पार्क

## दलदल हो चुकी जिस जमीन में डंप हो रहा था कचरा अब उसमें खिलेंगे फूल

## निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हमीदा हेड यमुनानगर के पास दलदल हो चुकी जिस जमीन में कचरा डंप हो रहा था। अब वहां हरा भरा व सुगंधित वातावरण होगा। न तो अब यहां अवैध कब्जे हो सकेंगे और न ही यहां गंदगी फैलेगी। क्योंकि नगर निगम द्वारा यहां करीब नौ एकड़ जमीन में हरा भरा पार्क विकसित किया जाएगा। निगम की ओर से इस प्रोजेक्ट पर लगभग छह करोड़ 13 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने दी।

**खास बातें**

- पार्क में होगा सैर के लिए दो किलोमीटर लंबा वाकिंग ट्रैक, प्ले ग्राउंड, चार हट, ओपन जिम व अन्य सुविधाएं

प्रस्तावित बनने वाले पार्क का तैयार किया गया नक्शा



### पार्क में सैर करने के लिए दो किमी लंबा बनेगा वाकिंग ट्रैक



नगर निगमायुक्त आयुष सिन्हा

नगर निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि पार्क में सैर करने के लिए करीब दो किमी लंबा वाकिंग ट्रैक होगा। लगभग 1.8 मीटर चौड़े वाकिंग ट्रैक पर लोग सैर कर सकेंगे। बच्चों के लिए झूलों के अतिरिक्त प्ले ग्राउंड भी होगा। चार गजीबो (हट) बनाई जाएंगी। ताकि लोग परिवार के साथ यहां पर बैठकर आपस में आनंद ले सकें। पार्क में हरियाली से हरा भरा व फूलों से सुगंधित वातावरण होगा। पेयजल, ओपन जिम, इलेक्ट्रिक रूम, हाइमास्ट लाइट, गार्ड रूम के अलावा महिला व पुरुष के लिए अलग अलग दो स्थानों पर शौचालय भी बनाए जाएंगे।

### हाईमास्ट लाइटिंग से जगमगाएगा पार्क

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि पार्क में हाईमास्ट लाइट से लाइटिंग की भी सुंदर व्यवस्था होगी। ताकि रात व अलसुबह के समय भी लोग पार्क में सैर व व्यायाम कर सकें। वहीं, अलग से इलेक्ट्रिक रूम व गार्ड रूम होगा। पार्क में बैठने के लिए जगह जगह बेंच भी लगाए जाएंगे। जहां वरिष्ठ नागरिक बैठकर आराम कर सकें। उन्होंने बताय कि हमीदा क्षेत्र में कोई पार्क नहीं है। अब यह पार्क बनने से क्षेत्र के लोग सुबह शाम सैर कर सकेंगे। पश्चिमी यमुना नहर किनारे पार्क बनने से गर्मी में लोग ठंडी हवाओं को आनंद ले सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### महिला के सिर में ईंट मारकर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव मंडेबरी में कहासुनी होने पर एक व्यक्ति ने महिला के सिर में र्इंट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मंडेबरी निवासी रीटा बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 मार्च को सुबह साढ़े 11 बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान रास्ते में उसकी गांव के ही मंजीत सिंह के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि आरोपी ने उसके सिर में र्इंट मारी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर के मंदिर में रखी गुल्लक को किया चोरी

**यमुनानगर।** शहर के वीना नगर कैंप से चोरों ने घर के मंदिर से गुल्लक चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सुमित रिषी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 मार्च को दोपहर साढ़े तीन बजे घर का दरवाजा बंद करके किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो घर के मंदिर में रखा गुल्लक गायब मिला। उसने बताया कि गुल्लक में करीब 27 सौ रुपये थे। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म, केस

**यमुनानगर।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में र्इंट भट्टे पर काम करने वाली महिला के साथ उसके देवर ने दुष्कर्म किया। महिला ने जब इस बारे अपने पति को शिकायत की तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव में र्इंट भट्टे पर काम करने वाली 24 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका देवर अफजल शुरू से ही उस पर गलत नजर रखता था। वह उसही हरकतों को नजर अंदाज करती रही। महिला ने बताया कि 25 मार्च की रात को वह अपने कमरे में अकेली थी। रात करीब साढ़े 11 बजे उसे कमरे में अकेला पाकर उसका देवर अफजल वहां पर आ गया। आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### चौधरी बंसीलाल की पुण्य तिथि पर किया नमन

**रादौर।** कांग्रेसी पार्टी की ओर से शुक्रवार को प्रदेश के निर्माता व विकास पुरुष चौधरी बंसीलाल की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयसिंह ढिल्लों ने चौ.बंसीलाल को नमन करते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जयसिंह ढिल्लों ने कहा कि चौधरी बंसीलाल एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कई लोगों द्वारा आधुनिक हरियाणा के निर्माता माने जाते हैं। उनका जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गोलागढ़ गांव के जाट परिवार में हुआ था।

## उपमंडल अधिकारी के माध्यम से पंजाब के राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

# जेल में बंद किसानों को रिहा करने व अन्य मांगों को लेकर एसकेएम ने किया प्रदर्शन

- किसान जगाधरी अनाज मंडी के सामने इकट्ठे हुए और उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा
- पुलिस राज स्थापित कर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में उपमंडल अधिकारी को पंजाब के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

पंजाब सरकार द्वारा जेल में बंद किसानों को रिहा करने की मांग को लेकर शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्यों ने जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मोर्चा के सदस्यों ने उपमंडल अधिकारी को पंजाब के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार सुबह संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के जिला प्रधान जरनैल सिंह सांगवान, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला प्रधान सुभाष गुर्जर व अखिल भारतीय किसान सभा अजय भवन के राज्य प्रधान गुरुभजन सिंह मझैल की अध्यक्षता में किसान जगाधरी अनाज मंडी के सामने इकट्ठे हुए। इस दौरान किसानों ने पंजाब व केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए धर्मपाल चौहान, महिपाल चमरौड़ी व सुखदेव सिंह ने कहा कि पिछले कुछ समय से पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन अभियान चला रही है। यद्यपि देश के संविधान के अनुसार देश के नागरिकों को अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष करने का मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार प्राप्त है। लेकिन पिछले दिनों संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा चंडीगढ़ में पांच मार्च से किए जाने वाले सात दिवसीय धरने को समाप्त करवा कर पूरे प्रदेश को खुली जेल में तब्दील कर दिया गया। 19 मार्च को केंद्र सरकार के मंत्रियों से बातचीत कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। शंभू और खनोरी में बुलडोजर चलाकर किसानों के धरना स्थलों को जबरन उठा दिया गया। ट्रैक्टर ट्रालियों सहित किसानों के उपकरण तोड़ दिए गए। उन्होंने कहा कि राज्य में पुलिस राज स्थापित कर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा मांग करता है कि पुलिस द्वारा किया जा रहा अंधाधुंध बल प्रयोग बंद किया जाए तथा जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल किया जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर ट्रालियों सहित सभी उपकरण वापस किया जाए। क्षतिग्रस्त या चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जाए। इस अवसर पर प्यारेलाल तंवर ,नैब सिंह , विजयपाल, मानसिंह, संजय चमरौड़ी, अजमेर सिंह,यशपाल, बीर सिंह राठी ,फकीरचंद ,दीप राणा व रामफल आदि मौजूद थे।

### निजी पब्लिशर्स की किताबें बच्चों पर थोपने वाले प्राइवेट स्कूलों पर हो कार्रवाई: मित्तल



**यमुनानगर।** अभिभावक सेवा मंच यमुनानगर के सदस्यों ने निजी पब्लिशर्स की किताबें बेचने समेत अन्य मनमानियां करने पर अंकुश लगाए जाने की मांग को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद डीआरओ तरुण सहोता को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अभिभावकों ने मुख्यमंत्री से निजी स्कूलों की बढ़ती मनमानियों पर रोक लगाए जाने की मांग की गई। मंच के संयोजक एवं समाजसेवी महेंद्र सिंह मित्तल के नेतृत्व में दर्जन भर सदस्य जिला सचिवालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद डीआरओ तरुण सहोता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि जिले के कुछ निजी स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी की बुक्स के स्थान पर मनचाहे दामों पर निजी पब्लिशर्स की किताबें और स्कूलों के नाम छपी हुई नोटबुक बेची जा रही हैं। यह किताबें केवल एकाधिकार प्राप्त दुकानें जो स्कूलों द्वारा संचालित पर मिल रही हैं। जिससे अभिभावकों का जमकर शोषण किया जा रहा है।

### छात्र तरुण कश्यप ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**यमुनानगर।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में शहर के सामान्य अस्पताल के सहयोग से एड्स जागरुकता विषय पर शुक्रवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सीमा गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता में 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रेड रिबन क्लब के प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्र तरुण कश्यप ने प्रथम, निष्ठा ने द्वितीय व अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने एचआईवी एड्स के प्रति स्वयं जागरूक होने और दूसरों को जागरूक करने की शपथ ली। मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा गुप्ता ने कहा कि एचआईवी संक्रमण को रोकने का एकमात्र तरीका लोगों को इस बारे में जागरूक करना है। लोगों को इसकी उत्पत्ति एवं प्रसार के बारे में बताया जाए। ताकि लोग इस महामारी के दुष्प्रभाव से बच सकें।

### तनाव प्रबंधन को लेकर अध्यापकों का किया मार्गदर्शन, शांत रहने के लिए योग जरूरी



**रादौर।** संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए इन-हाउस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सेंचुरियन पब्लिक स्कूल करनाल से पीजीटी अध्यापक आदित्य कुमार ने तनाव प्रबंधन विषय पर चर्चा की। मुख्य वक्ता आदित्य कुमार ने सभी शिक्षकों को तनाव प्रबंधन व उसका निवारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कक्षा में शरारती बच्चों को संभालने के बारे में भी अवगत करवाया। आदित्य कुमार ने शिक्षकों को बताया कि तनाव हमारे शरीर, शारीरिक व भावात्मक तौर पर असर करता है। तनाव के कारण हमारे शरीर से कुछ टोक्सिन निकलते हैं जिससे शरीर पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए अधिक तनाव में अपने दिमाग को शांत रखने के लिए योग क्रिया करनी चाहिए। मौके पर सभी शिक्षकों ने आदित्य कुमार की बेहतर जानकारी के लिए आभार प्रकट किया।



**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाचरौन का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

यमुनानगर। महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन(यमुनानगर) का नर्सरी से आठवीं तक घोषित किया गया परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। इस दौरान आठवीं कक्षा के तेरह बच्चों ने परीक्षा परिणाम में मैरिट में स्थान हासिल किया है। वहीं, अन्य बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरी कक्षा के परीक्षा परिणाम में दो बच्चों आरुषी व हरमन ने कक्षा में टॉप किया है। स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह व अन्य स्टॉफ सदस्यों ने शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहने पर सभी बच्चों को बधाई व शुभकॉमनाएं दी हैं। स्कूल प्रबंधक मास्टर साहब सिंह ने बताया कि शुक्रवार को स्कूल में नर्सरी से लेकर आठवीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। इस बार परीक्षा परिणाम सभी कक्षाओं का शत प्रतिशत रहा है। खास बात यह है कि छात्रा तृषा राणा, अवनी, निकिता सैनी, मानसी, भानू प्रताप, हरमन, मनकीरत, काव्य, पूर्वा, प्रेमा, घनिष्ठ, अरमन व आदि बच्चन ने सौ फीसदी अंक हासिल कर मैरिट में स्थान हासिल किया है। वहीं, दूसरी कक्षा की आरुषी व हरमन ने अपनी कक्षा में टॉप किया है। इसके अलावा अन्य सभी बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता की कुंजी है संचार कौशल : डॉ.शर्मा

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर के पर्सनालिटी डेवलपमेंट विभाग की ओर से शुक्रवार को इंग्लिश जोन के सहयोग से व्यक्तित्व विकास एवं संचार कौशल पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाना, प्रभावी संवाद कला विकसित करना व उनके व्यक्तित्व को निखारना था।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने संचार कौशल, सार्वजनिक वक्तृत्व कला, टीम वर्क व साक्षात्कार तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। संस्थान के निदेशक डॉ.विवेक शर्मा ने कहा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास व संचार कौशल आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में सफलता की कुंजी हैं। कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान व आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त किया गया। कार्यशाला में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी संवाद क्षमताओं को निखारा।



**यमुनानगर।** जिला महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम में भाग लेते हुए वक्तागण।

### बेटियों को उनका अधिकार व सम्मान दिलाना है बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य

यमुनानगर। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में शहर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि एवं सीजेएम कीर्ति वशिष्ठ ने कहा कि बिना बेटी के जीवन की कल्पना मात्र भी नहीं की जा सकती है। बेटी की किलकारी की गूंज परिवार को आगे बढ़ाती है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का लक्ष्य है। बेटियों को उनका अधिकार और उनका सम्मान देना। उन्हें पोषण शिक्षा संरक्षण सभी सुविधाओं के साथ जोड़ा जा रहा है। शिविर के दौरान उन्होंने विभाग की महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों व सुपरवाईजरों को विशेष वक्ताओं द्वारा किशोर न्याय, पॉक्सो, बाल विवाह निषेध अधिनियम, मिशन वात्सल्य पर जानकारी दी। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से अधिवक्ता वीपीएस सिद्धू व अमिता बंसल ने बताया कि महिलाओं व बच्चों को लेकर सख्त कानून का प्रावधान है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लगातार जागरूकता का अभियान चलाया जा रहा है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जनसंपर्क के दौरान सुनी लोगों की समस्याएं



**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विश्व भर में भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनैति दल है। जो भारत को एक सुदृड़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रुप में विश्व पटल पर शक्तिशाली राष्ट्र के रुप में स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जन भर गांव में किए गए जनसंपर्क के दौरान कहे। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल शुक्रवार को सबसे पहले गांव उधमगढ़ में पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणाकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने मानकपुर, मुकारमपुर, जड़ौदा, तेलीपुरा, माधुवाला व गढ़ी बंजारा आदि समेत दर्जन भर गांव में जनसंपर्क किया।

# अवैध खनन रोकने के लिए प्रभावशाली तरीके से करें काम: पार्थ गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन सख्त हो गया है। इस संबंध में जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की आयोजित बैठक में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अवैध खनन करने वालों पर प्रभावशाली तरीके से कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मौके पर अवैध खनन करने में संलिप्त पाए जाने वाले खनिज वाहनों को सीज किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अधिकारियों को हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन द्वारा समय समय पर जारी हिदायतों व दिशा निर्देशों के अनुसार पुलिस प्रशासन व खनन विभाग की टीम आपस में समन्वय करके चैकिंग कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी वाहन अवैध गतिविधि में शामिल पाया जाता है तो मौका पर सीज करके विभागीय व पुलिस कार्रवाई की जाए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि गैर कानूनी ढंग से जो अवैध खनन किया जा रहा है उसको रोकने के लिए कमेटी बनाई गई है । जिला में जहां जहां से अवैध खनन की गाड़ियां निकलती है उन पुलिस के द्वारा बनाए नाकों पर जांच रख रही है।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में अवैध खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई किए जाने के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए पार्थ गुप्ता।

### अवैध खनन रोकने के लिए जिले में लगाए 11 नए नाके

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए जिला में 11 नए नाकों की स्थापना की गई है। नाकों पर अलगअलग विभाग के कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी नाकों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके अधीनस्थ कार्यक्षेत्र में यदि कोई अवैध गतिविधि करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस विभाग व खनन विभाग को दें।

**कार्यक्रम** कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने छात्राओं को सम्मानित किया

# राष्ट्रस्तरीय डेकलामेशन कंपीटिशन में डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जीती ओवर आल ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर की छात्राओं ने हिंदू गर्ल्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रस्तरीय डेकलामेशन कंपीटिशन में ओवर आल ट्राफी जीती है। कॉलेज पहुंचने पर विजेता छात्राओं का जोरदार स्वागत किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। विजेता टीम का नेतृत्व वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका ज्योति ने किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने बताया कि 28 मार्च को हिंदू गर्ल्स कॉलेज जगाधरी में वाणिज्य विभाग व आई क्वैक के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रस्तरीय डेकलामेशन कंपीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग से



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में विजेता टीम का स्वागत करते हुए प्राचार्या व अन्य।

बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा मरियम, एम. कॉम अंतिम वर्ष की छात्रा हरमनदीप, बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा शिप्रा, एम.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सनल ने भाग लिया। कंपीटिशन के दौरान मरियम, शिप्रा व सनल ने महाकुंभ पर भाषण दिया। जिसमें उन्होंने महाकुंभ के महत्व और उसके प्रति लोगों की आस्था के बारे में विस्तार से चर्चा की। छात्राओं का संचार कौशल देखकर निर्णायक मंडल के साथ.साथ सभागार में बैठे सभी ने तालियां बजाई और उनका उत्साह वृद्धन किया। हरमनदीप ने आर्टिफिशियन इंटेलीजेंस पर विचार व्यक्त किए और साथ ही बताया कि एआई के जरिए नई इनोवेशव व क्रिएशन किस प्रकार से की जा सकती है। प्रतियोगिता में मरियम व हरमनदीप ने टीम के तौर पर भाग लिया। जबकि शिप्रा व सनल ने एकाक रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में मरियम ने पहला, हरमनदीप व शिप्रा ने द्वितीय पुरस्कार अर्जित किया। डीएवी कॉलेज की टीम को ओवर आल ट्राफी से भी नवाजा गया।

## खबर संक्षेप



कुरुक्षेत्र। महिला कुलदीप कौर को पर्स लौटाते रोडवेज कर्मचारी।

### रोडवेज कर्मचारियों ने महिला को पर्स लौटाया

**कुरुक्षेत्र।** कुलदीप कौर निवासी गांव बम तहसील समराला लुधियानाकी रहने वाली है। कुलदीप कौर कुरुक्षेत्र व पिहोवा मेले के लिए आई हुई थी। जिसका सुबह पेहोवा से दिल्ली वाली गाड़ी में पर्स गुम हो गया था जिसमें 1800 कुछ रुपए और एक अंगूठी व आधार था जोकि परिचालक को नए बस स्टैंड कुरुक्षेत्र पर मिला जिसको रंजीत करोड़ा ने प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया। रंजीत करोड़ा व प्रधान राजेश कुमार इंस्पेक्टर ने ब्रह्म सरोवर पर अनाउंसमेंट करवाई। कुलदीप ने अनाउंसमेंट सुनी और वह सूचना प्रसारण केंद्र पर आई और रोडवेज कर्मचारियों ने उसका पर्स लौटाया।

### दुकान में लगी आग लाखों का नुकसान

**कुरुक्षेत्र।** मोहन नगर में स्थित गुरू कृपा बुटीक में गत रात्रि आग लग गई। आग से दुकान मालिक को लाखों का नुकसान हुआ। दुकान मालिक विनय वधवा के अनुसार वे वीरवार रात्रि अपनी दुकान को ठीकठाक बंद कर घर चले गए थे। देर रात्रि दुकान में आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नही चल पाया है। आग से दुकान में रखे कपड़े व फर्नीचर जलकर राख हो गए। घटना के बाद से सुषमा वधवा का रो-रोकर बुरा हाल है। बतां दे कि बुटिक पर विनय वधवा व उनकी पत्नी सुषमा वधवा दोनों काम करते है।

### बाजीगर सभा ने जताया सीएम सैनी का आभार

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बाजीगर बादी सभा धर्मशाला के लिए 21 लाख देने की घोषणा की गई थी और अब इस पैसे का चेक सभा के पास पहुंच गया है। सभा के प्रधान सतपाल धर्मसोत व उप-प्रधान संतराम बढ़तिया ने दी। प्रधान, उप प्रधान व युवा प्रदेश अध्यक्ष सोहन सिंह पंजोखरा ने एसडीएम से चेक प्राप्त किया। कमेटी पदाधिकारियों के यह ग्रांट पाने के लिए विशेष कर प्रधान सतपाल धर्मसोत, उप प्रधान संत राम बढ़तिया, चेयरमेन ईसर सिंह धर्मसोत, सह कोषाध्यक्ष अध्यक्ष जय पाल जिरबड़ी, महासचिव ओमप्रकाश उड़ाना, युवा प्रदेश अध्यक्ष सोहन सिंह पंजोखरा व वरिष्ठ संदस्य फूल सिंह खानपुर का सहयोग रहा है।

### भारतीय योग संस्थान ने कराई शंख प्रक्षालन क्रिया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान, कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा योगाश्रम में उन कार्यकतार्ओं को जो 13 अप्रैल को योगाश्रम मिजार्पुर में ही होने वाले मुख्य शंख प्रक्षालन कार्यक्रम में सेवा करेंगे, शंख प्रक्षालन क्रिया करवाई गई। प्रातः 6:00 बजे संस्थान के योगाश्रम मिजार्पुर में आयोजित कार्यक्रम में 20 से अधिक कार्यकतार्ओं ने शंख प्रक्षालन क्रिया की। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने शंख प्रक्षालन के पश्चात सभी को 30 मिनट का शवासन करवाया। अर्जुन जिला प्रधान मनीराम सैनी, कृष्ण जिला मंत्री हेम सिंह राणा, समालखा से रविंद्र छौकर सहित सभी स्थानीय जिलों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गीता मनीषी ने अष्टकोसी तीर्थ यात्रा का किया शुभारंभ

# कुरुक्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर विराजमान ऐतिहासिक, पौराणिक तीर्थः ज्ञानानंद

- इस्कॉन व जीयो गीता की तरफ से भक्तों ने भजन कीर्तन किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। यात्रा में शामिल गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज व अन्य।

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्व प्रसिद्घ धर्मक्षेत्र है। इस कुरुक्षेत्र धाम के चप्पे-चप्पे पर ऐतिहासिक, पौराणिक तीर्थ विराजमान है। इस पावन धरा के कण-कण में पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश सम्माहित है। इसलिए कुरुक्षेत्र तीर्थों की अष्टकोसी यात्रा एक पवित्र और ऐतिहासिक यात्रा मानी जाती है। इस अष्टद्कोसी तीर्थ यात्रा का वर्णन पवित्र ग्रंथ गीता के 11वें अध्याय में भी किया गया है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज शुक्रवार को गांव बाहरी के नाभिकमल मंदिर में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले नाभिकमल मंदिर में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, परमहंस ज्ञानेश्वर महाराज, महंत राम अवतार, महंत विशालदास सहित अन्य संतजनों ने अष्टकोसी तीर्थ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूजा अर्चना की और विधिवत रूप से कुरुक्षेत्र की अष्टकोसी यात्रा का शुभारंभ किया। इस यात्रा में इस्कॉन व जीयो गीता की तरफ से भक्तजनों ने भजन कीर्तन किए । गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से कुरुक्षेत्र की पौराणिक अष्टकोसी यात्रा को शुरू करवाकर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को एक अनोखी सौगात देने का काम किया है। इस अष्टकोसी यात्रा को बेहद पवित्र यात्रा माना जाता है और यह यात्रा कुरुक्षेत्र की पावन धरा से बहने वाली पवित्र सरस्वती नदी के किनारे से होकर गुजरती है। इस नदी के किनारे ही पुराणों, वेदों की रचना की गई और पूरे विश्व को ज्ञान, शिक्षा और संस्कार दिए गए। इस यात्रा को ज्ञान,शिक्षा और संस्कारों से जोडकर देखा जा रहा है। इस यात्रा से लोगों और श्रद्घालुओं को पुण्य की प्राप्ति होगी। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पवित्र सरस्वती नदी के किनारे सदियों से अष्टकोसी यात्रा की जाती थी। लेकिन समय के चलते यह यात्रा बंद हो गई, अब बोर्ड और केडीबी के प्रयासों से यात्रा फिर से शुरू की गई है। इस यात्रा के दौरान ऐतिहासिक और पौराणिक तीर्थ स्थलों के दर्शन होते है। इस यात्रा में कुरुक्षेत्र ही नहीं हरियाणा और देश विदेश के लोगों को जरूर शिरकत करनी चाहिए। इस यात्रा के लिए बोर्ड की तरफ से हर संभव मदद और सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

#### यात्रा का हुआ स्वागत

केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि चैत्र चौदस के दौरान अष्टकोसी यात्रा की जाती रही है। इस यात्रा को हर माह किया जाना चाहिए और उनका मानना है कि निरंतर इस यात्रा को जारी रखा जाएगा। यह यात्रा नाभिकमल तीर्थ से शुरू हुई और औजस घाट कार्तिक मंदिर, स्थाण्वीश्वर महादेव, कुबेर तीर्थ, क्षीर सागर तीर्थ, दधीचि कुंड, खेड़ी मारकंडा, वृद्धा कन्या, रत्नुक यक्ष-बीड़ पिपली, पावन तीर्थ-सुंदरपुर, ओघटिया घाट पलवल, बाण गंगा दयालपुर, आपगा तीर्थ दयालपुर, भीष्म कुंड नरकतारी, से होकर नाभिकमल तीर्थ पर सम्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग के तीर्थों पर अल्पाहर, प्रसाद, प्राथमिक चिकित्सा एवं विश्राम की सुविधा भी उपलब्ध रही। इस यात्रा में अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल, यमुनानगर सहित 200 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने यात्रा पूरी की है। निदेशक डा. प्रीतम सिंह ने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, एक पूरा मार्ग तैयार किया गया है, जिससे भक्तों को विभिन्न तीर्थों (तीर्थ स्थलों) के इतिहास और महत्व का पता लगाने में मदद मिलेगी। कुरुक्षेत्र शहर में लगभग 30 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 8 कोस यात्रा, 48 कोसी यात्रा की पूर्वपीठिका होगी, जो अंततः कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत और जींद जिलों के तीर्थ स्थलों तक विस्तारित होगी।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, केडीबी के सीईओ पंकज सेतिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष तजेन्द्र सिंह गोल्डी, एसई अरविंद कौशिक, केडीबी सदस्य अशोक रोसा, डा.ऋषिपाल मथाना, डा.एमके मोदगिल, राजेश कुमार, विजय नरूला आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व क्षत्रिय सभा कुरुक्षेत्र ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा माग पत्र

- सपा रास सांसद रामजीलाल के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। सीटीएम को ज्ञापन सौपते राजपूत समाज के गणमान्यजन।

राजपूत समाज के वीर शिरोमणी महाराणा सांगा मेवाड़ राजस्थान के बारे में अपमानजनक अपशब्द कहने पर सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व क्षत्रिय सभा जिला कुरूक्षेत्र व राजपूत समाज कुरूक्षेत्र ने उपायुक्त के मार्फत प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सीटीएम डा. रमन गुप्ता को सौंपा।

राजपूत समाज के गणमान्यजन शुक्रवार को लघु सचिवालय समक्ष एकत्रित हुए और वीर शिरोमणी महाराणा सांगा मेवाड़ के बारे में अपमानजनक अपशब्द कहने पर सपा राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले राज्यसभा में सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने सदन में महाराणा सांगा मेवाड़ जी के बारे में अपमानजनक अपशब्द कहे। इन शब्दों से पूरे राजपूत समाज व सभी हिन्दू संगठनों में रोष है। जिस स्वतंत्रता सेनानी महाराणा सांगा मेवाड़ ने कितनी बार मुगल आकांताओं को हराया और उन्होंने अपना जीवन अपनी मातृभूमि के लिए समर्पित कर बलिवान कर दिया। उनके बारे में अपमानजनक अपशब्द कहने वाले राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और उनकी राज्यसभा कि सदस्यता को रद किया जाए। मौके पर राजकरण सिंह, पूर्व प्रधान क्षत्रिय सभा जिला कुरुक्षेत्र राजेन्द्र सिंह तंवर, राजेंद्र सिंह अजराना कलां, भीम सिंह तंवर, चरण सिंह, शिव कुमार, मोहन राणा, विकास कुमार, श्याम सिंह, सतपाल, सोहन सिंह राणा, आदित्य, हरदेव सिंह सहित राजपूत समाज मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कॉलेज के प्लेसमेंट सेल तथा जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में लगभग 520 युवाओं ने पंजीकरण करवाया व विभिन्न कंपनियों ने उम्मीदवारों का चयन किया। मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. सुरेश पाराशर, कर्मजीत सिंह, डॉ. प्रवीन शर्मा, शक्ति भारद्वाज, अनिल कौशिक, पूजा बैक्टर, पूजा शर्मा, पिंकी शर्मा, नवदीप कौर, डॉ. धीरज कौशिक, सचेत कुमार तथा अन्य शिक्षक-गण उपस्थित रहे।

## छोटी खबरें

### पंजाबी सभा ने दो सदस्यों का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह किया



**कुरुक्षेत्र।** पंजाबी सभा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह प्रधान रूपेश खन्ना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हो रहे सभा के दो सदस्यों पिंकी कालड़ा, सहायक कुल सचिव परीक्षा शाखा एवं कृष्ण कुमार ग्रोवर,पीए अधीक्षक स्थापना शाखा के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। मंच संचालन सभा के महासचिव राजेश अरोड़ा ने किया जिसमें सेवानिवृत हो रहे दोनों सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। विनोद सहगल, मुनीश खुराना तथा राज शर्मा ने गीत तथा भजन प्रस्तुति दी। प्रधान रूपेश खन्ना ने सेवानिवृत हो रहे दोनों सदस्यों को बधाई दी। उप अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए सभा के सम्मानित सदस्य ममता हंस को भी पुष्पगुच्छ देकर के कार्यकारिणी ने सम्मानित किया। मौके पर सभा के अध्यक्ष मुनीश खुराना, नरेश चौधरी, गुलशन दुआ, विनोद सहगल, नवीन छिब्बर, नितिन गिरधर, कुलदीप बत्रा, गुरप्रीत, मुकेश, नीरज, कैलाश शर्मा, संजय मुटरेजा, दीपचंद, राज शर्मा, कंचन गाबा, सुनीता धमीजा, नीलम दुआ, रेखा रानी, यश बाला, अंजू, आशा, गीता, सरोज, नीलम, सुनीता आदि सदस्य उपस्थित थे।

### क्षिप्रेश्वर धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर ने किए मां भद्रकाली के दर्शन

**कुरुक्षेत्र।** कथावाचक आचार्य महेश गुरु क्षिप्रेश्वर धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर व प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु ने कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। इसी कड़ी में वे माँ के 52 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ भद्रकाली मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एवं माँ भद्रकाली मंदिर के अध्यक्ष सतपाल शर्मा से भेंट की। सतपाल शर्मा ने आचार्य महेश गुरु को लाल चुनरी उडाकर सम्मानित किया। आचार्य महेश गुरु ने कहा कि माँ के इस शक्तिपीठ का वर्णन पुराणों में भी मिलता है कि किस तरह से माँ सती का टखना कुरुक्षेत्र में गिरा था, जहां माता का टखना गिरा वहां माता का शक्तिपीठ बना। उन्होंने कहा कि भद्रकाली शक्तिपीठ में देवी सती का दाए पैर का टखना (घुटने के नीचे का भाग) गिरा था।



कुरुक्षेत्र। क्षिप्रेश्वर धाम उज्जैन के पीठाधीश्वर व प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य महेश गुरु को सम्मानित करते मंदिर के पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा।

### कुवि के सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मियों को दी विदाई पार्टी



**कुरुक्षेत्र।** कुवि में दो शिक्षकों व तीन गैर-शिक्षक कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्रशासन की ओर से विदाई पार्टी दी गई। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास में शिक्षकों व कर्मचारियों की अहम भूमिका होती है। सेवानिवृत्त होने वालों में केमिस्ट्री विभाग के प्रो. पवन कुमार शर्मा, यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की भूगोल की शिक्षिका उर्मिला देवी, स्थापना शाखा टीचिंग से निजी सचिव के.के. ग्रोवर, महिला छात्रावास की वार्डन शीला देवी व परीक्षा शाखा से अधीक्षक पिंकी रानी शामिल हैं। इस मौके पर कुटा प्रधान डॉ. दलीप कुमार, प्रो. जी.पी. दुबे, लोक सम्पर्क विभाग की उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश, स्कूल प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह, उपकुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगडा, कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर, मुनीष खुराना सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद थे।

### हेल्थ सेंटर पर लगा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा उपचार शिविर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हेल्थ सेंटर के प्रांगण में एक निःशुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा रोग उपचार शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से लगाया गया। इस शिविर में लगभग 90 मरीजों ने योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विविध आयामों के बारे में क्रियात्मक ज्ञान अर्जित किया। इस शिविर को सफल बनाने में हेल्थ सेंटर के प्रशासक डा. आशीष अनेजा ने अथक परिश्रम कर सहयोग दिया। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की पत्नी ममता सचदेवा द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ के रूप में स्वामी डॉ शंकरानन्द सरस्वती और योग विशेषज्ञ के रूप में हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य व चिराग नर्सिंग होम के निदेशक डा.मनीश कुकरेजा तथा उनकी टीम के सदस्यों डा. सुरेंद्र राणा, रीना चौहान, मदन तथा विश्वविद्यालय के सेवाभावी छात्रों में पायल ,दीपांशी गुप्ता सुदर्शन, सौरव, पलक, हरनाम, साक्षी, पपिंदर, देवेंद्र, सचिन शिओकंद, विक्रम, मोहम्मद कैफ तथा लोकेश ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### एक-एक कार्यकर्ता भाजपा परिवार का अहम हिस्साः तेजेंद्र गोल्डी

**पिहोवा।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी खैहरा का पिहोवा के गांव थाना गुजरा पहुंचने पर कार्यकतार्ओं एवं पदाधिकारियों सहित गांव वासियों ने थाना टोल प्लाजा पर ने फूल मालाओं के के साथ जोरदार स्वागत किया। जिला अध्यक्ष तेजिंद्र गोल्डी ने स्वयं ट्रैक्टर चलाकर गांव में पहुंचे। जहां उन्होंने गांव थाना के ऐतिहासिक तीर्थ ब्रह्मसरोवर तीर्थ व पीर पर माथा टेका। इसके पश्चात खैरा ने बीजेपी कार्यकर्ता कपिल गर्ग के प्रतिष्ठान पर जलपान किया। मौके पर जोगिंद्र भगत, गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे, पूर्व जिप पार्षद रिंकू थाना, बाखली मंडल अध्यक्ष सुखबीर ईशाक, गांव थाना की सरपंच प्रियंका देवी, संदीप आर्य, संजय थाना, कृष्ण सैसा सरपंच, बलबीर गुर्जर, सुखदेव शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, अमित, रामगीर, अमित सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आदेश अस्पताल में दुर्लभ कंजेनिटल लंबर हर्निया का ऑपरेशन

**कुरुक्षेत्र।** मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कालेज व मल्टी-सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहां के पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. सचिन कपूर और उनकी टीम ने कंजेनिटल लंबर हर्निया से पीड़ित 18 दिन के नवजात शिशु का सफल ऑपरेशन किया है। यह दुर्लभ हर्निया नवजात शिशु को थी जिसमें आंतें पेट से बाहर आ जाती हैं, और समय पर ऑपरेशन न होने पर यह गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती है और जान का खतरा रहता है। डॉ. कपूर के अनुसार भारत में अब तक ऐसे केवल 60 मामले ही दर्ज किए गए हैं, जिससे यह बीमारी बेहद दुर्लभ मानी जाती है। डा. सचिन कपूर ने बताया कि ऑपरेशन करीब डेढ़ से दो घंटे तक चला, और सर्जरी के चार दिन बाद बच्चे को पूरी तरह स्वस्थ करके अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डा. कपूर ने कहा कि यह आदेश अस्पताल के लिए गर्व की बात है कि हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में इस तरह का पहला सफल ऑपरेशन यहीं किया गया। डॉ. सचिन कपूर ने बताया कि कंजेनिटल लंबर हर्निया का सही समय पर इलाज बेहद जरूरी होता है, क्योंकि यह नवजात के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। ऐसे मामलों में सर्जरी ही एकमात्र समाधान होती है, जो बच्चे के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि आदेश अस्पताल हर प्रकार की सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करता है। डा. कपूर ने बताया कि बच्चा यमुनानगर क्षेत्र का है जो अब बिल्कुल स्वस्थ है।



कुरुक्षेत्र। सफल ऑपरेशन को लेकर बातचीत करते डा. सचिन कपूर।

### सैनिकों के सम्मान से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाशतः नवीन जिन्दल

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि लोकसभा सत्र के दौरान सैनिकों के सम्मान से जुड़ा हुआ उठाया। उन्होंने पटियाला में 13 मार्च को सेना के कर्नल के साथ हुई मारपीट के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कर्नल पुष्पेंद्र और उनके बेटे अंगद को मामूली पार्किंग विवाद के चलते पंजाब पुलिस के दर्जनों अधिकारियों द्वारा बुरी तरह से पीटा गया। यह केवल दो व्यक्तियों से मारपीट का मामला नहीं, बल्कि देश की आन बान शान सैनिकों सहित फौज के सम्मान पर हमला है। जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 9 दिन तक पीड़ित न्याय के लिए भटकते रहे। उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। बाद में जब जनता का दबाव बढ़ा तो मुकदमा दर्ज हुआ। लेकिन अभी तक उसमें ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यह पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और सिस्टम का फेलियर है। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि हरियाणा के हर पांचवें घर से सैनिक है। जिनके कारण हम लोग सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक देश के किसी भी राज्य से हों। उसका सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने मामले की सीबीआई जांच की मांग केंद्र सरकार से की है। साथ ही दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करके उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग भी उन्होंने उठाई है। सांसद जिन्दल का मानना है कि इस देश के प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अधिकार संविधान ने दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस की रक्षक की भूमिका में होती है। इसे भक्षक नहीं बनना चाहिए। इसलिए पंजाब में हुए इस कांड की तुरंत जांच होनी चाहिए।



### बजट सत्र के दौरान सीएम ने पेश की खुशहाल हरियाणा की तस्वीर : कैलाश

**कुरुक्षेत्र।** विधानसभा बजट सत्र के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भाजपा के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रतिनिधि कैलाश सैनी से भेंटकर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस भेंट के दौरान कैलाश सैनी ने कहा कि बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रगति- पथ पर बढ़ते हुए हरियाणा की शानदार तस्वीर पेश की है। इस औपचारिक भेंट के दौरान जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि आज हरियाणा ही नहीं बल्कि सारे भारत के अंदर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्य कुशलता और विनम्रता की मिसाल पेश की जा रही है। अनिल वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के महाराष्ट्र, दिल्ली राज्यों में चुनावी दौरों ने भाजपा के पक्ष में जो माहौल तैयार किया था उसने विपक्षियों को हराने में प्रभावशाली भूमिका निभाई थी। अनिल वर्मा ने कहा कि मौजूदा बजट सत्र में वित्त मंत्री के रूप में पहला बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश को विकास के अनेकों तोहफे दिए हैं। महिलाओं के हित में भी अनेकों महत्वपूर्ण घोषणाएं करके आधी आबादी के प्रति अपना नजरिया स्पष्ट कर दिया है। इसके अतिरिक्त गरीब,युवा और किसानों के हित के साथ-साथ राज्य के संपूर्ण ढांचागत विकास में भी अनेकों कल्याणकारी घोषणाएं करके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस बजट-सत्र को यादगार बनाने का कार्य किया है।



### उपायुक्त कार्यालय पर किसान संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जिला कुरुक्षेत्र के उपायुक्त कार्यालय पर किसान संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और उपायुक्त कुरुक्षेत्र की मार्फत राज्यपाल पंजाब सरकार व राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम मांग पत्र सौंपे गए जिसमें आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की ओर से कामरेड बाबू राम, कामरेड राजकुमार सारसा, क्रांतिकारी किसान यूनियन से सुखविंद्र सिंह चमबों कलां, सतीश कुमार, किसान सभा से कामरेड प्रताप सिंह, भारतीय किसान यूनियन से अमरजीत सिंह, किसान सभा से एडवोकेट चंदी, गुरमेल सिंह आदि शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने कहा कि पिछले कुछ समय से पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन अभियान चला रही है। जनसंगठन मांग करते है कि पुलिस द्वारा किया जा रहा अंधाधुंध बल प्रयोग बंद किया जाए तथा जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल किया जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित सभी उपकरण वापस किए जाए।

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में बच्चों का दाखिला ना करवाएं

**लाडवा।** खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर ने कहा कि मौजूदा समय में स्कूलों के अंदर दाखिला करवाने का समय चल रहा है। अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही दाखिले करवाने चाहिए। लाडवा खंड में श्री कृष्णा प्री स्कूल लाडवा गैर मान्यता प्राप्त है। खंड शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का दाखिला श्री कृष्णा प्री स्कूल लाडवा में न करवाए।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि शिक्षा विभाग ने बदल रहे हैं सरकारी स्कूल, आओ बदलाव का हिस्सा बनें चलो सरकारी स्कूल चलें नाम से अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने खंड लाडवा के सभी अध्यापकों, प्रधानाचार्यों और एसएमसी सदस्यों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए इस अभियान में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए आह्वान किया।

## डीसी ने चैत्र चौदस मेले का किया निरीक्षण



**पिहोवा।** डीसी नेहा सिंह ने कहा कि चेत्र चौदस मेला उत्तर भारत के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत के लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ जुड़ा हुआ है। मेले में आकर श्रद्घालू पितरों की आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना करवाते हैं तथा पिंडदान करते हैं। चेत्र चौदस मेले के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन बधाई का पात्र है। डीसी नेहा सिंह शुक्रवार को चेत्र चौदस मेले में बाल भवन में बने सूचना प्रसारण केंद्र में अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि उपमंडल पिहोवा में आयोजित चेत्र चौदस मेला 2025 में भारी संख्या में लोगों का आवागमन हो रहा है। चैत्र चौदस मेले में मुख्य स्नान अमावस्या को होता है। इस तीन दिवसीय मेले में उत्तर भारत के साथ-साथ देश-विदेश से लोग यहां पंहुचकर अपने पूर्वजों की आत्मिक शांति के लिए पूजा-पाठ करवा रहे हैं। इसके उपरांत डीसी नेहा सिंह ने तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वहां पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

### चैत्र चौदस मेले में रोटरी क्लब पिहोवा ने लगाया मेडिकल कैंप

**पिहोवा।** चैत्र चौदस मेले में तीर्थयात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब पिहोवा ने निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई।चूंकि मेले में बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे आते हैं, इसलिए कई बार उन्हें बीपी, शुगर, डिहाइड्रेशन, थकान, चोट आदि की शिकायतें होती हैं। इसको ध्यान में रखते हुए क्लब ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ इस कैंप का आयोजन किया, जहां श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

### नवरात्रों में भद्रकाली मंदिर सजा आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर, कुरुक्षेत्र में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस साल माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में आनन्द महोत्सव 29 मार्च से 13 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नवरात्रि पर्व होगा शक्ति महोत्सव में विशेष तौर पर 29 मार्च, शनिवार को हरियाणा की सबसे बड़ी शोभायात्रा निकलेगी, जो दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ से ज्योति रथ के साथ संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए सांय 6 बजे पुनः मंदिर में प्रतिस्थापित होगी व 30 मार्च, रविवार को प्रथम नवरात्रि के अवसर पर हिंदू नववर्ष अभिनंदन महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाने का कार्य भी सुचारू रूप से जारी है। इस बार भी विशेष रूप से विदेशी और भारतीय पुष्पों से माँ के दरबार को सजाया जा रहा है।

**उत्साह** | किड्स डीपीएस स्कूल में मनाया ग्रेजुएशन डे

# बच्चों ने डिग्री की पोशाक पहन कर लिया अपना रिपोर्ट कार्ड, अभिभावकों में भी दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

किड्स डीपीएस स्कूल, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। पुरस्कार वितरण को ग्रेजुएशन डे के रूप में मनाया गया, जिसमें बच्चों ने डिग्री की पोशाक पहन कर अपना परिणाम लिया। विद्यालय की ओर से डॉक्टर, पुलिस, इंजीनियर तथा अध्यापक आदि के नाम के प्रॉप्स भी रखे ,जिनमे से बच्चों ने एक को चुना और मनमोहक फोटो खिंचवाई।

बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ गिफ्ट्स भी दिए गए। बच्चों के साथ अभिभावकों में भी अपने बच्चे का वार्षिक परिणाम लेने के लिए उत्साह दिखा। विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी गाबा ने बताया कि किंडरगार्टन स्नातक छोटे बच्चों के लिए एक मील का पत्थर है क्योंकि यह उनके तैयारी कार्यक्रम के अंत और उनकी स्कूली शिक्षा के प्राथमिक चरण की शुरूआत का प्रतीक है। यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों के हौसलों को बुलंद करने,उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का अहसास करवाने के मकसद से करवाई गई है। इस तरह के समागम से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है जो उन्हें जिंदगी में आगे बढ़ने तथा सफलता की बुलंदियां छूने में मदद करता है। विद्यालय न सिर्फ बच्चे की शैक्षणिक गतिविधियों पर ध्यान देता है बल्कि अतिरिक्त गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो प्रॉप्स रखे गए हैं वे इसी बात को दिखाते हैं कि बच्चे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं , विद्यालय तथा माता -पिता इसी बात को ध्यान में रख कर बच्चों की नींव मजबूत करें। यह कार्यक्रम संयोजिका साक्षी गेरा की देख रेख में हुआ। इस अवसर पर अध्यापिका ऋतु काकड़ा, मनप्रीत, गगन, वंदना,मधु, ऋतु कलुचा, सुरभी तथा रितु सैनी सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई 20 वर्ष की सजा

- कोर्ट ने30 हजार रुपये जुर्माना की भी सजा सुनाई

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी गुरनाम सिंह वासी जिला अलवर राजस्थान को 20 साल कठोर कारावास व 30 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 17 नवम्बर 2022 को थाना ईस्माइलाबाद एरिया वासी एक महिला ने बताया कि 17 नवम्बर को उसकी नाबालिग अपने भाई के साथ स्कूल गई थी। दोपहर को भाई उसे स्कूल लेने गया तो पता चला कि लड़की स्कूल नहीं गई है। घर पर चैक करने पर पता चला कि घर में रखे गहने व 10 हजार रुपए भी गायब हैं। उसे शक है कि उसकी नाबालिग लड़की ने गुरनाम सिंह वासी राजस्थान के कहने पर ही वह गहने व रुपए लेकर उसके साथ गई है। जिसकी शिकायत पर थाना ईस्माइलाबाद में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक ओम प्रकाश द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान नाबालिग को ढूंढ़कर बरामद किया गया। नाबालिग की काउंसिलिंग करवाई गई तथा उसका मेडिकल चैकअप करवाया गया। काउंसिलिंग करवाई और मेडिकल के आधार मामले में पोक्सो एक्ट की धारा 6 ईजाद की गई तथा जांच महिला उप निरीक्षक कमलेश द्वारा अमल में लाई गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी को गिरफ्तार करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट में करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी गुरनाम सिंह वासी जिला अलवर राजस्थान को दोषी करार देते हुए पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 साल कठोर कारावास व 30 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई, जुमार्ना न भरने की सूरत में 12 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

